**1. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| **सूची I (फसल)** | **सूची II (प्रकार)** |
|---|---|
| a. चाय | I. रेशीय/रेशा फसल |
| b. सोयाबीन | II. रोपण फसल |
| c. कपास और जूट | III. नकदी फसल |
| d. मक्का | IV. खाद्य फसल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a-II, b-I, c-III, d-IV (B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-II, b-III, c-I, d-IV (D) a-I, b-IV, c-III, d-II **[C]**
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**2. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
a. रौलेट सत्याग्रह
b. असहयोग और खिलाफत आंदोलन
c. भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत
d. चंपारण आंदोलन
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, d, b, c (B) b, d, c, a
(C) d, b, c, a (D) d, a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**3. निम्नलिखित को कोयले में नियत कार्बन की बढ़ती मात्रा के अनुसार व्यवस्थित करें:**
a. बिटुमेनी कोयला b. ऐन्थ्रासाइट कोयला
c. लिग्नाइट कोयला d. पीट कोयला
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c, a, d (B) d, c, a, b
(C) a, b, d, c (D) d, b, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**4. भारत की निम्नलिखित प्रमुख नदियों को उनकी लंबाई के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. यमुना नदी b. तापी नदी
c. गोदावरी नदी d. कृष्णा नदी
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, d, a, b (B) d, b, c, a
(C) b, d, a, c (D) b, a, d, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे बड़ा सौर पार्क है?**
(A) कुरनूल अल्ट्रा मेगा सौर पार्क, आंध्र प्रदेश
(B) रीवा अल्ट्रा मेगा सौर पार्क, मध्य प्रदेश
(C) भादला सौर पार्क, राजस्थान
(D) पावागड़ा सौर पार्क, कर्नाटक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**6. भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में कोयला भंडारों का उच्चतम अनुमानित निक्षेप है?**
(A) झारखण्ड (B) मध्य प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) आंध्र प्रदेश-तेलंगाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**7. निम्नलिखित में कौनसा महासागरीय जल में पाये जाने वाले लवणों में उच्चतम मात्रा में पाया जाने वाला लवण है?**
(A) कैल्सियम कार्बोनेट (B) मैग्नीशियम क्लोराइड
(C) सोडियम क्लोराइड (D) कैल्सियम सल्फेट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का पूर्वी तट है?**
(A) सौराष्ट्र तट (B) कोरोमंडल तट
(C) मालाबार तट (D) कोंकण तट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**9. अजंता-एलोरा गुफाएं भारत के किस राज्य में स्थित हैं?**
(A) राजस्थान (B) झारखण्ड
(C) मध्य प्रदेश (D) महाराष्ट्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**10. लिखित शंकराचार्य का निम्नलिखित में से कौनसा मठ पुरी में स्थित है?**
(A) गोवर्धन मठ (B) शारदा मठ
(C) ज्योतिर्मठ (D) श्रृंगेरी मठ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**11. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| **सूची I (बाँध)** | **सूची II (स्थान/ज़िला)** |
|---|---|
| a. राणा प्रताप सागर बाँध | I. बोरावास गांव |
| b. जवाहर सागर बाँध | II. रावतभाटा |
| c. कोटा बैराज | III. बोरखेड़ा गांव |
| d. माही बजाज सागर बाँध | IV. कोटा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-IV, c-II, d-III (B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-II, b-III, c-IV, d-I (D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**12. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| सूची I (झील) | सूची II (ज़िला) |
|---|---|
| a. सिलिसेढ़ | I. अजमेर |
| b. पुष्कर | II. नागौर |
| c. डीडवाना | III. अलवर |
| d. लूणकरणसर | IV. बीकानेर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-II, d-IV (B) a-II, b-1, c-IV, d-III
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III (D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**13. राजस्थान के निम्नलिखित ज़िलों को पश्चिम से पूर्व दिशा में व्यवस्थित करें :**
a. धौलपुर c. जैसलमेर
e. अजमेर b. जोधपुर
d. दौसा
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, b, e, d, a (B) c, b, d, e, a
(C) b, c, a, d, e (D) d, b, c, a, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**14. अरावली की निम्नलिखित चोटियों को ऊँचाई के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. कुंभलगढ़ b. दिलवाड़ा
c. जरगा d. रघुनाथगढ़
e. अचलगढ़
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) d, b, e, a, c (B) a, b, e, d, c
(C) d, a, e, c, b (D) b, a, c, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**



Scanned with OKEN Scanner

**15. राजस्थान के कुल सिंचित क्षेत्र में से प्रतिशत सिंचित क्षेत्र के बढ़ते क्रम में सिंचाई के निम्नलिखित स्रोतों को व्यवस्थित करें:**

a. नहरें b. तालाब
c. कुएं और नलकूप d. अन्य स्रोत

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) d, b, c, a (B) c, a, b, d
(C) d, b, a, c (D) b, a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**16. इंदिरा गांधी नहर परियोजना की निम्नलिखित लिफ्ट नहर को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट नहर b. जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर
c. वीर तेजाजी लिफ्ट नहर d. कंवर सेन लिफ्ट नहर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) d, b, c, a (B) a, b, d, c
(C) b, c, d, a (D) d, c, a, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**17. निम्नलिखित राजस्थान की ताँबा खदानों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. गुलाबपुरा b. रेल मगरा
c. खेतड़ी - सिंघाना d. खो-दरीबा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c, d, a, b (B) d, c, a, b
(C) c, b, a, d (D) d, b, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**18. निम्नलिखित वन्यजीव अभयारण्यों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में व्यवस्थित करें:**

a. सीतामाता अभयारण्य b. शेरगढ़ अभयारण्य
c. धवा (दोली) वन्यजीव अभयारण्य
d. ताल छापर अभयारण्य

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, d, a, c (B) d, c, b, a
(C) b, c, d, a (D) c, b, d, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**19. राजस्थान से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग जिसकी लंबाई राजस्थान में सबसे अधिक है- (नए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक के अनुसार) :**

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक (B) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-25
(C) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-11 (D) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-21
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**20. निम्नलिखित में से कौनसी विदेशी नस्ल की गाय है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) जर्सी (B) कांकरेज
(C) नागौरी (D) मेवाती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**21. निम्नलिखित में से कौनसी नदियां कोटा में त्रिकोणीय जलोढ मैदान निर्मित करती हैं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) बेड़च, मानसी और मोरेल (B) कांतली, साबी और काकनी
(C) सोम और जाखम (D) चंबल, काली सिंध और पार्वती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**22. महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**

a. हल्दीघाटी का युद्ध b. मेवाड़ का शासक बनना
c. अपनी सैन्य तैयारियों को मुगलों की दृष्टि/नजर से बचने के लिए अपनी रिहाइश को गोगुन्दा से कुंभलगढ़ हस्तांतरित करना
d. दिवेर की विजय

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, c, a, d (B) d, b, c, a
(C) b, c, d, a (D) b, d, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**23. जयपुर प्रजा मंडल के 1944 के अधिवेशन का अध्यक्ष किसे चुना गया?**

(A) रमा देवी (B) किशोरी देवी
(C) अंजना देवी चौधरी (D) जानकी देवी बजाज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**24. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| सूची I (पर्यटन स्थल) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| a. चित्रा महल | I. कोटा |
| b. विजय स्तंभ | II. बूंदी |
| c. अभेदा महल | III. टोंक |
| d. सुनेहरी कोठी | IV. चित्तोड़गढ़ |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-III, b-II, c-IV, d-I (B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-II, b-IV, c-I, d-III (D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**25. राजस्थान के निम्नलिखित महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों को उनके जन्म वर्ष के अनुसार कालक्रम में व्यवस्थित करें:**

a. गौरी शंकर हीराचंद ओझा b. बावजी चतुरसिंह
c. दयालदास d. कविराज श्यामल दास

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c, d, a, b (B) d, b, c, a
(C) c, b, a, d (D) b, c, d, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**26. राजस्थान के एकीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**

a. मत्स्य संघ का निर्माण
b. संयुक्त राज्य राजस्थान का निर्माण
c. राजस्थान संघ का निर्माण d. वृहत राजस्थान का निर्माण

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) d, a, c, b (B) a, d, c, b
(C) d, b, c, a (D) a, c, b, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**27. निम्नलिखितं कृषक आंदोलनों को उनके घटित होने के कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें:**

a. बिजौलिया कृषक आंदोलन चरण
b. मेव कृषक आंदोलन c. भरतपुर कृषक आंदोलन
d. अलवर कृषक आंदोलन

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, a, c, d (B) c, d, a, b
(C) a, d, c, b (D) a, b, d, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**



Scanned with OKEN Scanner

**28. निम्नलिखित में से कौनसे कथन नसीराबाद क्रांति के संबंध में सत्य हैं?**

a. भारतीय सिपाहियों को नियंत्रित करने के लिए यूरोपीय सेना और बाहर से कुछ तोपें मंगवाई गई थी।
b. 15 वीं बंगाल नैटिव इंफैन्ट्री की टुकड़ी को संदेह के कारण नसीराबाद भेजा गया था।
c. चर्च और अधिकारियों के बंगले में आग लगा दी गई थी।
d. 28 मई, 1857 को बंगाल नैटिव इंफैन्ट्री के सैनिकों d. ने तोपखाने पर नियंत्रण कर लिया।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, d और b    (B) a, b, c और d
(C) b, c और d    (D) a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[B]**

**29. "अग्नि नृत्य" के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**

a. राग और फाग के साथ अग्नि का मिश्रण इस नृत्य की दुर्लभ और अनूठी विशेषता है।
b. महिला और पुरुष, दोनों इस नृत्य में भाग लेते हैं।
c. इस नृत्य की उत्पत्ति बीकानेर के कतरियासर गांव में हुई थी।
d. अंगारों का ढेर "धूणा" कहलाता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, c और d    (B) a, b, c और d
(C) a, b और c    (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[A]**

**30. तारागढ़ (अजमेर) दुर्ग के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**

a. इसे गढ़ बीठली और अजयमेरू भी कहा जाता है।
b. कर्नल टोड के अनुसार, यह दुर्ग चौहान शासक पृथ्वीराज-III द्वारा निर्मित किया गया था।
c. शाहजहां के शासनकाल के दौरान इस दुर्ग का संरक्षक विठ्ठलदास गौड़ था।
d. दुर्ग की प्राचीर में 14 बड़े निगरानी टावर लगे हुए हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, c और d    (B) a, b और d
(C) a, c और d    (D) a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[C]**

**31. राजस्थान की कालीबंगा सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**

a. सर्वप्रथम 1952 में अमलानंद घोष ने इस स्थल के बारे में जानकारी दी थी।
b. यहां जुता हुआ खेत भी मिला है।
c. यहां छह छेदों के साथ बालक की खोपड़ी भी मिली है।
d. यहां पाये गये मृद्भाण्ड और खपरा हल्के, पतले हैं तथा सुनिर्मित नहीं हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और c
(B) a, b, c और d
(C) b, c और d
(D) c और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[B]**

**32. चांद बावड़ी - आभानेरी के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**

a. यह राजा चन्द्र द्वारा स्थापित की गई थी।
b. इसका वास्तविक नाम शोभा नगरी है।
c. पर्यटन विभाग द्वारा प्रति वर्ष मार्च-अप्रैल महीने में यहां आभानेरी महोत्सव आयोजित किया जाता है।
d. महोत्सव 2 दिनों तक आयोजित किया जाता है तथा राजस्थानी व्यंजन प्रस्तुत किए जाते हैं एवं नृत्य किये जाते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और d    (B) a और d
(C) a और b    (D) a और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[B]**

**33. सूची - I को सूची - II से सुमेलित करें?**

| सूची – I (आभूषण) | | सूची – II (पहनने का स्थान) | |
|---|---|---|---|
| a. | कंडोरा/कन्दोरा | I. | हाथ |
| b. | नोगरी | II. | नाक |
| c. | भंवरकड़ी | III. | कमर |
| d. | पीपलपत्रा | IV. | कान |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-I, b-IV, c-III, d-II
(B) a-II, b-III, c-I, d-IV
(C) a-II, b-I, c III, d-IV
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[D]**

**34. राजस्थान की भौतिक/प्राकृतिक विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**

a. अधिकांश पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान टेथिस सागर का अवशेष हैं।
b. राजस्थान की अरावली, गौंडवानालैंड का भाग है।
c. सांभर, डीडवाना, पचपदरा जैसी राजस्थान की लवणीय झीलें टेथिस सागरी का अवशेष हैं।
d. अरावली प्रमुख जल-विभाजक के रूप में कार्य करती है. जो राज्य को दो भागों में बांटती है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और c    (B) a, b, c और d
(C) a और c    (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[B]**

**35. राजस्थान के पश्चिमी मरुस्थली क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. यह अरावली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिम में विस्तारित है।
b. इसकी औसत ऊँचाई समुद्र तल से 30 से 50 मीटर तक है।
C. यह गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, सीकर, चुरू, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, नागौर, जोधपुर और सिरोही जिलों में विस्तृत है।
d. यह क्षेत्र बालू से आच्छादित है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, c और d    (B) a, b और d
(C) a और d    (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न    **[C]**



Scanned with OKEN Scanner

**36. राजस्थान की अपवाह प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. राजस्थान की अपवाह प्रणाली अरावली श्रंखला द्वारा निर्धारित होती है।
b. भारत की महान जल विभाजक रेखा राजस्थान की नदियों को दो भागों में बांटती है।
c. जल विभाजक के पूर्व में, बनास और इसकी सहायक नदियां चंबल में मिलती हैं।
d. जल विभाजक के पश्चिम और दक्षिण में नदियां बंगाल की खाड़ी में प्रवाहित होती हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और d (B) a, b और c
(C) a और d (D) b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**37. राजस्थान की जलवायु विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. बालू की प्रचुरता के कारण तापमान की दैनिक और वार्षिक रेंज उच्च रहती है।
b. शीत ऋतु में कुछ स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु (हिमांक) तक गिरता है।
c. राजस्थान में शुष्क और उप-आर्द्र मानसून प्रकार की जलवायु विद्यमान है।
d. वर्षा की मात्रा पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ती है।

**नीचे दिए गाएं विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और d (B) c और d
(C) a, b और c (D) b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**38. राजस्थान की लाल-पीली मृदा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. यह मिट्टी सवाई माधोपुर, सिरोही, राजसमंद, उदयपुर और भीलवाड़ा ज़िलों के पश्चिमी भागों में पाई जाती है।
b. यह मिट्टी मूंगफली और कपास की खेती के लिए उचित नहीं है।
c. इसमें कैल्शियम और नाइट्रोजन की कमी होती है।
d. इस मिट्टी का लाल और पीला रंग इसकी लौह धारिता के कारण होता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, c और d (B) b, a और d
(C) a, b और c (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**39. राजस्थान में धोकड़ा वनों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. ये वन राज्य की मुख्य वन संपदा में शामिल हैं।
b. ये वन कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, जयपुर, अलवर, अजमेर, उदयपुर आदि ज़िलों में अधिक पाए जाते हैं।
c. ये वन राजस्थान में 50 से 90 मीटर की ऊँचाई तक अधिक पाए जाते हैं।
d. इन वनों में धोक पेड़ों के अतिरिक्त अरंज, खैर, खिरनी, सालार, गोडल के पेड़ भी पाए जाते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, c और d (B) b और c
(C) a, c और d (D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**40. राजस्थान के अरावली क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. उत्तरी अरावली का विस्तार जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर और झुंझुनूं जिलों में है।
b. मध्य अरावली अजमेर और जयपुर के बीच विस्तृत है।
c. भोराट का पठार उदयपुर के उत्तर में कुंभलगढ़ और गोगुन्दा के बीच स्थित है।
d. इस पहाड़ी क्षेत्र की औसत उँचाई 500 मीटर है। नीचे दिए गए **विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b और d (B) a, b और c
(C) a, b और d (D) a, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**41. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| **सूची I (गाय की नस्ल)** | **सूची II (मुख्य क्षेत्र)** |
|---|---|
| a. राठी | I. अजमेर, पाली, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ |
| b. गिर | II. बाड़मेर, सांचौर, नेहड़ और जोधपुर के भाग |
| c. कांकरेज | III. जालौर, सिरोही और उदयपुर |
| d. सांचौरी | IV. बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और चुरू के भाग |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-IV, b-I, c-III, d-II (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III (D) a-II, b-1, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**42. सूची I (भारतीय पारंपरिक ऋतुएँ) को सूची II (उन ऋतुओं के दौरान पड़ने वाले त्योहार) से सुमेलित करें :**

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| a. वसंत | I. कार्तिक पूर्णिमा |
| b. ग्रीष्म | II. मकर संक्रांति, पोंगल |
| c. हेमंत | III. बैशाखी, उगादी |
| d. शिशिर | IV. गुरु पूर्णिमा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-II, b-IV, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**43. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| **सूची I (नदी)** | **सूची II (सहायक नदियां)** |
|---|---|
| a. बनास नदी | I. परवण |
| b. काली सिंध नदी | II. सूकड़ी |
| c. लूणी नदी | III. जाखम |
| d. माही नदी | IV. कोठारी, मेनाल |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-IV, b-1, c-II, d-III
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-IV, b-II, c-I, d-III
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**



Scanned with OKEN Scanner

**44. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| सूची I (मृदाएं) | सूची II (विशेषताएं) |
|---|---|
| a. काली मिट्टी | I. नाइट्रोजन, फास्फोरस, ह्यूमस आदि की कमी |
| b. लैटेराइट मिट्टी | II. उच्चतर मृत्तिका सामग्री के साथ लोमी मृदा |
| C. मरुस्थली मिट्टी | III. कैल्शियम, फास्फोरस, पोटाश और लौह सामग्री की प्रचुरता |
| d. जलोढ मिट्टी | IV. निम्न उर्वरता और उच्च लवणता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-III, b-I, c-II, d-IV (B) a-II, b-I, c-IV, d-III
(C) a-II, b-IV, c-I, d-III (D) a-I, b-IV, c-II, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**45. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| सूची I (खनिज) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| a. ताँबा | I. जावर, राजपुरा-दरीबा |
| b. सीसा-जस्ता | II. रेवत और भाकरी |
| c. टंगस्टन | III. मकराना |
| d. संगमरमर | IV. खेतड़ी-सिंघाना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-I, b-IV, c-II, d-III (B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-IV, b-II, c-I, d-III (D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**46. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| सूची I (जनजातियां) | सूची II (क्षेत्र) |
|---|---|
| a. एस्किमो, सैमोयेड | I. भूमध्यरेखीय सघन वन |
| b. पिग्मी, सीमांग, साकाई | I. ध्रुवीय और ठंडे क्षेत्र |
| c. बुशमैन | III. दुर्गम पहाड़ी और पठारी क्षेत्र |
| d. भील, गोंड, मीणा, नागा | IV. शुष्क और गर्म मरुस्थल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-I, b-IV, c-II, d-III
(B) a-II, b-IV, c-I, d-III
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**47. विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित होता है?**

(A) न्यूयॉर्क (B) लंदन
(C) सिडनी (D) पेरिस
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**48. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**

a. अरब स्प्रिंग b. फ्रांसीसी क्रांति
c. रूस की क्रांति d. द्वितीय विश्व युद्ध

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c, a, b, d (B) d, b, c, a
(C) b, c, d, a (D) b, a, d, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**49. सुमात्रा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

a. इसका वर्तमान नाम इंडोनेशिया है।
b. पुराने समय में इस द्वीप को स्वर्णिम द्वीप के रूप में जाना जाता था।
c. दक्षिण भारत के राजेन्द्र चोल-1 ने भी यहां प्रभुत्व कायम रखा था।
d. यहां विजय राजवंश का शासन 4 से 7वीं शताब्दी के बीच कायम रहा था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b, c और d (B) b और d
(C) b और c (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**50. लेखांकन में दोहरी प्रविष्टि प्रणाली की उत्पत्ति और विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. यह इटली में विकसित हुई थी।
b. 1494 में लुकास पैसिओली ने अपनी पुस्तक में इस विधि के सिद्धांत का वर्णन किया था।
c. 1795 में एडवर्ड जोन्स ने इस विधि संबंधी एक पुस्तक लिखी थी।
d. यह भारत में ब्रिटिश अवधि के दौरान प्रयुक्त की गई थी।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c और d (B) a, b, c और d
(C) a और b (D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**51. विस्तारशील ब्रह्माण्ड परिकल्पना के अनुसार, किसने इस बारे में साक्ष्य प्रदान किया था कि ब्रह्माण्ड विस्तारशील है?**

(A) ओटो श्मिट् (B) कार्ल वैईजास्कर
(C) लाप्लास (D) एडविन हब्बल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**52. दक्कन पठार की उत्पत्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. लाखों वर्ष पूर्व यह टेथिस सागर के दक्षिण में स्थित गौंडवानालैंड का भाग था।
b. भूवैज्ञानिक इतिहास के कालक्रम में, गौंडवानालैंड का विखंडन और विभाजन हुआ।
प्रायद्वीपीय भारत, विखंडित गौंडवानालैंड से उत्तर-c. पूर्व दिशा में विस्थापित होकर अपनी वर्तमान स्थिति में आया था।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a और c (B) a, b और c
(C) a और b (D) b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**53. थार मरुस्थल के महत्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. मरुस्थल के शुष्क भागों में पशुपालन और पशुचारण मुख्य पेशा है।
b. पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित होने के कारण इस क्षेत्र का रणनीतिक महत्व है।
c. इस क्षेत्र में, विभिन्न खनिज जैसे कोयला, ताँबा, रॉक फास्फेट, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस आदि पाये जाते है।
d. यह अपनी भू-आकृतिक विशिष्टताओं के कारण पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b, c और d (B) c और d
(C) a, b और c (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**


Scanned with OKEN Scanner

**54. "हड़प्पा सभ्यता" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. इसे सिंधु घाटी सभ्यता के रूप में भी जाना जाता है।
b. शब्द हड़प्पा की व्युत्पत्ति उस स्थान से हुई है, जहां सभ्यता को पहचाना गया था।
c. सभ्यता का कुल काल विस्तार 6000 BCE से 1300 BCE तक है।
d. सभ्यता का पतन लगभग 1900 BCE के आस-पास आरंभ हुआ था।

**नीचे दिए गए दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c और d
(B) a, b, c और d
(C) a, b और c
(D) b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**55. मौर्य साम्राज्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**

a. मौर्यों का उल्लेख उत्तर बौद्ध, जैन और पुराण साहित्य में हुआ है।
b. अशोक प्रथम शासक था जिसने अपनी प्रजा और अधिकारियों के लिए प्रस्तर सतहों पर अपने संदेश उत्कीर्णित करवाए थे।
c. अशोक ने अभिलेखों का उपयोग धम्म की अपनी अवधारणा की उद्घोषणा उद्घोषणा करने में किया था।
d. चन्द्रगुप्त मौर्य ने इस साम्राज्य की स्थापना की थी।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c और d
(B) b और d
(C) a, b, c और d
(D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**56. सूची I को सूची II से सुमेलित करें :**

| सूची I (विद्रोह का स्थान) | सूची II (नेता) |
|---|---|
| a. झांसी | I. नाना साहिब |
| b. अवध | II. बहादुर शाह |
| c. कानपुर | III. ब्रिजिस कादर |
| d. दिल्ली | IV. रानी लक्ष्मी बाई |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-II, b-I, c-III, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I
(D) a-I, b-IV, c-III, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**57. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (कोप्पेन द्वारा जलवायु का वर्गीकरण) | सूची-II (विशेषताएं) |
|---|---|
| a. उष्णकटिबंधीय | I. संभावित वाष्पीकरण वर्षा से अधिक होता है। |
| b. शुष्क जलवायु | II. सबसे ठंडे महीने का औसत तापमान -3°C से अधिक लेकिन 18°C से कम होता है। |
| c. गर्म जलवायु | III. सभी महीनों का औसत तापमान 10°C से कम होता है। |
| d. ठंडी जलवायु | IV. बसे ठंडे महीने का औसत तापमान 18°C या उससे अधिक होता है। |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-IV, b-I, c-II, d-III
(B) a-IV, b-II, c-III, d-I
(C) a-IV, b-I, c-III, d-II
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**58. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें -**

| सूची-I (नाम) | सूची-II (प्रकार) |
|---|---|
| a. व्हीलर द्वीप | I. प्रवाल द्वीप |
| b. बूचर द्वीप | II. पर्वतीय द्वीप |
| c. अंडमान और निकोबार द्वीप | III. चट्टानी द्वीप |
| d. लक्षद्वीप समूह | IV. जलोढ द्वीप |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-II, b-I, c-III, d-IV
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-IV, b-II, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**59. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (त्योहार) | सूची-II (माह) |
|---|---|
| a. तीज | I. फाल्गुन |
| b. होली | II. वैशाख |
| c. अक्षय तृतीया | III. चैत्र |
| d. गणगौर | IV. श्रावण |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-II, b-I, c-IV, d-III
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-III, b-I, c-II, d-IV
(D) a-IV, b-II, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**60. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (दुर्ग) | सूची-II (प्रकार) |
|---|---|
| a. जैसलमेर दुर्ग | I. वन दुर्ग |
| b. सिवाणा दुर्ग | II. धान्वन दुर्ग |
| c. गागरोण दुर्ग | III. ऐरण दुर्ग |
| d. जालौर दुर्ग | IV. औदुक दुर्ग |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-III, b-II, c-I, d-IV
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III
(D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**61. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (जन आंदोलन) | सूची-II (व्यक्तित्व) |
|---|---|
| a. हाड़ौती प्रजामंडल | I. माणिक्य लाल वर्मा |
| b. मेवाड़ प्रजामंडल | II. कर्पूरचंद पाटनी |
| c. जयपुर प्रजामंडल | III. पंडित नयनूराम शर्मा |
| d. धौलपुर प्रजामंडल | IV. कृष्ण दत्त पालीवाल |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-III, b-II, c-I, d-IV
(B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**62. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (मेला) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| a. खाटूश्यामजी मेला | I. अलवर ज़िला |
| b. भर्तृहरि मेला | II. देशनोक, बीकानेर |
| c. करणीमाता मेला | III. सीकर ज़िला |
| d. शीतलामाता मेला | IV. चाकसू, जयपुर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-III, b-I, c-II, d-IV
(D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**



Scanned with OKEN Scanner

**63. निम्नलिखित में से किसने कहा था कि राजपूत शक अथवा सीथियन के वंशज हैं?**
(A) गौरीशंकर हीराचंद ओझा
(B) चन्द्र बरदाई
(C) डॉ. बी. आर. भंडारकर
(D) जेम्स टॉड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**64. निम्नलिखित में से किसे मेवाड़ क्षेत्र में चार-भुजाओं वाला लोक देवता माना जाता है?**
(A) रामदेवजी (B) कल्लाजी
(C) हड़बूजी (D) मल्लीनाथजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**65. निम्नलिखित में से किसे अबुल फजल द्वारा सशस्त्र दुर्ग (बख्तरबंद दुर्ग) कहा गया था?**
(A) रणथम्भौर दुर्ग (B) तारागढ़ दुर्ग
(C) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (D) सिवाणा दुर्ग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**66. निम्नलिखित में से किसने दिल्ली प्रस्थान कर रहे महाराणा फतेह सिंह के समक्ष "चेतावनी रा चूग्टियां" रचना प्रस्तुत की थी?**
(A) केसरी सिंह बारहठ
(B) स्वामी विवेकानंद
(C) सज्जन कीर्ति सुधाकर
(D) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**67. राजस्थान में 1857 की क्रांति के दौरान कोटा राज्य का ब्रिटिश पॉलीटिकल एजेंट कौन था?**
(A) शॉवर्स ओरे (B) मेजर बर्टन
(C) मैक मेसन (D) मॉरिसन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**68. गुहिल राजवंश में से किसने चण्डीशतक, गीत गोविन्द और संगीत रत्नाकर पर टीकाएं लिखी थी?**
(A) राणा सांगा (B) राणा हम्मीर
(C) महाराणा मोकल (D) महाराणा कुम्भा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**69. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान की मरुस्थली मृदा की विशेषता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) निम्न लवणता और उच्च उर्वरता
(B) निम्न उर्वरता और उच्च लवणता
(C) इसमें उच्च उर्वरता और उच्च लवणता होती है।
(D) जल धारण क्षमता उच्च होती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**70. राजस्थान के किस प्रकार के वनों में खेजड़ी, रोहिड़ा, बेर, कैर, थोर पेड़ पाये जाते हैं?**
(A) सालार वन (B) धोकड़ा वन
(C) उष्णकटिबंधीय कंटीले वन (D) शुष्क सागौन वन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**71. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान की खारे पानी की झील नहीं है?**
(A) कोलायत झील (B) पचपदरा झील
(C) कुचामन झील (D) डीडवाना झील
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**72. "कृषि-जलवायु प्रदेश IV B: राजस्थान का आर्द्र दक्षिणी मैदान" के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) यहां रक्ताभ मध्यम और कैल्शियम युक्त मृदा पाई जाती है।
(B) जालौर, पाली और सिरोही के भाग इस क्षेत्र में सम्मिलित हैं।
(C) औसत वर्षा 20 से 30 सेमी
(D) अधिकतम तापमान : 52°C और न्यूनतम तापमान : -2°C.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**73. राजस्थान की बाणगंगा नदी का उद्गम कहाँ से होता है?**
(A) खमनौर पहाड़ियां
(B) नाग पहाड़
(C) जानापाव पहाड़ियां
(D) जयपुर का विराटनगर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**74. राजस्थान की "कालीबाई भील उड़ान योजना" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**
a. योजना के अंतर्गत राजस्थान में 10 से 45 आयु वर्ग की लड़कियों और महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन प्रदान की जाती है।
b. मासिक धर्म स्वास्थ्य, गरिमा और सुरक्षा को बढ़ावा देना।
c. राजस्थान चिकित्सा सेवाएं निगम और राजीविका सैनिटरी नैपकिन क्रय करेंगे।
d. यह निःशुल्क नैपकिन आंगनवाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों सहित विभिन्न विभिन्न संस्थानों को प्रदान की जाएंगी।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और d (B) a, b, c और d
(C) a, c और d (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**75. "डॉ. सविता बेन अंबेडकर अंतर जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**
a. राज्य सरकार सवर्ण हिन्दुओं और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के बीच अंतरजातीय विवाहों को बढ़ावा देती है।
b. 31 मार्च, 2023 तक पंजीकृत विवाहों के लिए प्रति युगल ₹ 5 लाख का प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।
c. वर्ष 2025-26 के दौरान (दिसंबर तक) ₹ 14.70 करोड़ की राशि व्यय हो चुकी है।
d. 1 अप्रैल 2023 के पश्चात् पंजीकृत विवाहों के लिए प्रोत्साहन बढ़ाकर ₹ 50 लाख प्रति युगल कर दिया गया है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) c और d (D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**76. राजस्थान लॉजिस्टिक्स नीति 2025 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**
a. विद्युत शुल्क और मंडी शुल्क में 7 वर्षों तक 100% छूट
b. 7 वर्षों की अवधि के लिए 7% की दर पर ब्याज सब्सिडी, वार्षिक ₹ 50 लाख तक
C. ₹ 50 लाख तक अग्नि जांच/पहचान प्रणालियों की लागत के 20% का एकमुश्त पुनर्भुगतान
d. इसके प्रोत्साहन और लाभ, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के प्रावधानों के साथ सरेखित/सुसंगत हैं।


Scanned with OKEN Scanner

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c और d
(B) c और d
(C) a, b और c
(D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**77. जोधपुर - पाली - मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। सही कथनों का चयन करें:**
a. जोधपुर - पाली - मारवाड़ औद्योगिक नोड को विशेष निवेश क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है।
b. जेपीएमआईए का उत्तरदायित्व रिको को दिया गया है।
c. चरण-A₹ 921.66 करोड़ की अनुमानित परियोजना लागत के साथ 1,577.69 एकड़ के कुल क्षेत्र को आच्छादित (कवर) करता है।
d. जेपीएमआईए में पाली ज़िले के 90 गांव शामिल हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a और b
(B) a, b और c
(C) a और d
(D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**78. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| **सूची-I (केन्द्र/बाज़ार)** | **सूची-II (जिला)** |
|---|---|
| a. जैविक खाद्य बाज़ारू | I. बांसवाड़ा |
| b. किन्नू उत्कृष्टता केन्द्र | II. अलवर |
| c. प्याज और सब्जियां उत्कृष्टता केन्द्र | III. श्रीगंगानगर |
| d. आम उत्कृष्टता केन्द्र | IV. जोधपुर, कोटा और उदयपुर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-II, d-IV
(B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-IV, b-II, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**79. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| **सूची-I (विरासत स्थल)** | **सूची-II (ज़िला)** |
|---|---|
| a. केवलादेव राष्ट्रीय पार्क | I. राजसमंद |
| b. कुंभलगढ़ दुर्ग | II. भरतपुर |
| c. गागरोण दुर्ग | III. जयपुर |
| d. जंतर मंतर | IV. झालावाड़ |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-II, c-I, d-IV
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III
(D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**80. निम्नलिखित में से कौनसी हवा दक्षिण भारत में आम्र बौछार के नाम से जानी जाती है?**
(A) भूमि से सागर की ओर प्रवाहित होने वाली हवाएं
(B) शुष्क हवाएं
(C) गर्म और शुष्क हवाएं
(D) तटवर्ती क्षेत्रों में सागर से भूमि की ओर प्रवाहित होने वाली हवाएं
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**81. निम्नलिखित में से कौनसी विधि कारण-प्रभाव संबंध स्थापित करने के लिए उचित है?**
(A) सर्वेक्षण विधि
(B) व्यक्ति-अध्ययन विधि
(C) प्रयोगमूलक विधि
(D) प्रेक्षणमूलक विधि
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**82. "अव्यक्त अधिगम" से कौन संबद्ध है?**
(A) टोलमेन
(B) कोहलर
(C) आई. वी. पैवलॉव
(D) थॉर्नडाइक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**83. बुद्धि लब्धि (आई क्यू) की निम्नलिखित में से कौनसी रेंज बुद्धिमत्ता दिव्यांगता की मध्यम स्तर श्रेणी के अंतर्गत रखी जाती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) आईक्यू 20-25 से लगभग 35-40
(B) आईक्यू 20-25 से कम
(C) आईक्यू 55 से लगभग 70
(D) आईक्यू 35-40 से लगभग 50-55
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**84. 15 वर्ष की मानसिक आयु के 12 वर्षीय बालक की बुद्धि लब्धि (आईक्यू) क्या होगी? (निम्स में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 125
(B) 130
(C) 80
(D) 100
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**85. निम्नलिखित सोपान रचनात्मक चिंतन की प्रक्रिया से संबंधित हैं। इन्हें सही अनुक्रम में व्यवस्थित करें:**
a. प्रतिदीप्ति
b. सत्यापन
c. तैयारी
d. उद्भवन
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, d, b, c
(B) d, a, c, b
(C) b, c, a, d
(D) c, d, a, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**86. मनोलैंगिक विकास के फ्रॉयड के पाँच सोपानों/चरणों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित करें:**
a. लैंगिक चरण
b. गुदीय चरण
c. सुषुप्त चरण
d. मौखिक चरण
e. जननांग चरण
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) d, b, a, c, e
(B) b, d, a, c, e
(C) b, d, e, a, c
(D) c, b, d, e, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**87. एंडरसन ने अधिगम की विश्लेषणात्मक और संबंधात्मक शैलियों के बीच विभेद किया है। अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली द्वारा प्रदर्शित विशेषताओं से संबंधित कथनों की पहचान करें:**
a. अमूर्त विचारों के लिए बेहतर स्मृति होना
b. अनुक्रमात्मक और संरचनात्मक चिंतन दर्शाना
c. अंतः प्रज्ञात्मक चिंतन दर्शाना
d. पूर्ण चित्र/आयाम के भाग के रूप में सूचना का बोध करना
e. पूर्ण चित्र/आयाम से सूचना को अलग/पृथक्क करना
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c और d
(B) a, b और e
(C) a, c और d
(D) a और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**88. व्यक्तित्व के बृहत पाँच कारक मॉडल (कोस्टा और मैक्क्रे) में सम्मिलित कारकों की पहचान करें:**
a. सहमतिपरकता
b. मनस्तापिता (साइकोटिसिज्म)
c. अंतरात्मपरकता
d. अनुभव के प्रति खुलापन
e. मेसोमोरफिक


Scanned with OKEN Scanner

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a, b और e (B) a, b, d और e
(C) a, c और d (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**89. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अधिग्रहण | I. एक अभिधारणा (सीआर) को सीएस और यूसीएस की निरंतर युग्मन शृंखला द्वारा प्राप्त किया जाता है। |
| b. समवर्ती अनुबंधन | II. सीएस और यूसीएस को एक ही समय पर प्रस्तुत किया जाता है। |
| c. अनुगामी अनुबंधन | III. सीएस को पहले प्रस्तुत किया जाता है और थोड़े समय के अंतराल के बाद यूसीएस प्रस्तुत किया जाता है। |
| d. पश्चगामी अनुबंधन | IV. यूसीएस को सीएस से पहले प्रस्तुत किया जाता है। |

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II (B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-IV, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**90. सूची-I को सूची-II से सुमैलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. इंद्रियगतिकी चरण | I. 2-7 वर्ष |
| b. औपचारिक प्रचालन चरण | II. 7-11 वर्ष |
| c. पूर्व-प्रचालन चरण | III. 0-2 वर्ष |
| d. ठोस-प्रचालन चरण | IV. 11-15 वर्ष |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-I, b-IV, c-III, d-II (D) a-II, b-I, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**91. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. फिनटेक पार्क | I. बालोतरा, बाड़मेर |
| b. मेडटेक मेडिकल डिवाइस पार्क | II. जयपुर |
| c. राजस्थान पेट्रो जोन | III. बोरनादा, जोधपुर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a-III, b-I, c-II (B) a-II, b-I, c-III
(C) a-I, b-II, c-III (D) a-II, b-III, c-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**92. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची I (पार्क/क्षेत्र) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| a. सोनियाना सिरामिक और ग्लास जोन | I. बीकानेर |
| b. हैन्डिक्राफ्ट और फर्नीचर पार्क | II. चित्तौड़गढ़ |
| c. स्टोन पार्क | III. जोधपुर |
| d. गजनेर सिरामिक और ग्लास जोन | IV. कोटा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a-II, b-III, c-IV, d-I (B) a-I, b-IV, c-III, d-II
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV (D) a-IV, b-III, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**93. राजस्थान के बजट 2026-27 के संदर्भ में निम्नलिखित को बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. राज्य माल और सेवा कर से प्राप्तियां
b. राज्य उत्पाद शुल्क प्राप्तियाँ
c. भूमि राजस्व प्राप्तियां
d. स्टाम्प और पंजीकरण प्राप्तियां
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a, b, d, c (B) b, c, d, a
(C) c, d, b, a (D) c, d, a, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**94. स्वर्णगिरि राजस्थान के किस शहर का प्राचीन नाम है?**
(A) उदयपुर (B) बांसवाड़ा
(C) जालौर (D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**95. सूची-I (राजस्थान के खेल व्यक्तित्व) को सूची-II (उनसे संबंधित खेल) से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. कृष्णा पूनिया | I. भाला फेंक खिलाड़ी |
| b. अवनी लेखारा | II. स्क्वैश खिलाड़ी |
| c. देवेंद्र झांझरिया | III. पैरालिंपिक शूटर |
| d. भुवनेश्वरी कुमारी | IV. डिस्क्स थ्रो |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a-III, b-I, c-IV, d-II (B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-III, b-IV, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**96. देश में राजस्थान के खनिज स्रोतों के योगदान को बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. पोटाश b. जिप्सम
c. ताम्र अयस्क d. टंगस्टन
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) b, d, c, a (B) c, d, a, b
(C) a, c, b, d (D) d, c, b, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**97. "पालनहार योजना" के अंतर्गत 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के अनाथ बालकों को विद्यालय में नामांकित होने पर कितनी धनराशि मिलती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) प्रति माह ₹ 1,500 (B) प्रति माह ₹ 6,000
(C) प्रति माह ₹ 5,000 (D) प्रति माह ₹ 3,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**98. वाद्य यंत्र "अलगोजा" बजाने वाले निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को वर्ष 2026 में पद्मश्री प्राप्त हुआ था?**
(A) ब्रह्मदेवजी महाराज (B) तागाराम भील
(C) मेवाती जोगी (D) गवरी देवी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**99. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत अन्त्योदय परिवारों, आस्था कार्ड धारकों और अन्य श्रेणियों के बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए कितनी धनराशि प्रदान की जाती है?**
(A) ₹21,000 (B) ₹11,000
(C) ₹51,000 (D) ₹41,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**100. नासा द्वारा पूर्ण किए गए नवीनतम चंद्र मिशन का नाम है-**
(A) आर्टेमिस-II (B) अपोलो
(C) आर्टेमिस-I (D) एसएलएस
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

♦♦♦♦♦

StudyGovtHelp.in



Scanned with OKEN Scanner